दैनिक जागरण 11/02/2026

डिजाइन थिंकिंग और सेफर इंटरनेट नवाचार की ओर बढ़ाते

जीएमएन कालेज में आयोजित कार्यशाला में शामिल विद्यार्थी स्टाफ के साथ • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा संस्थान नवाचार परिषद के सहयोग से इंडिया एआइ इंपेक्ट 2026 के पूर्व–शिखर सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित दो–दिवसीय कार्यशाला "टीआरएल बेस्ड इनोवेशन के लिए डिजाइन थिंकिंग" का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार की उन्नत रणनीतियों तथा उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों से परिचित कराना था। शुभारंभ मेधा फाउंडेशन पंचकूला के मैनेजर रजत श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को टेक्नोलाजी रेडिनेस लेवल फ्रेमवर्क के माध्यम से विचारों को प्रारंभिक अवधारणा से प्रोटोटाइप, पायलट परीक्षण और व्यावसायीकरण तक विकसित करने की प्रक्रिया समझाई। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर नवाचार और उद्योगोन्मुख करियर के लिए तैयार करती हैं। क्लब द्वारा खुड्डा गांव में डिजिटल जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया। कार्यक्रम में टेक्नो क्लब की संयोजक उपिंदर कौर तथा लिटरेसी क्लब की संयोजक डा. सरोज सहित विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को आधार कार्ड, पासपोर्ट, आयकर भुगतान, साइबर सुरक्षा, पैन कार्ड एवं भारत गैस आदि के बारे में जागरूक किया।